ज़िन्दगी मेरी साँवरे | By Ram Kumar Lakkha

हस्ती मेरी तुमसे सांवरिया तेरे बिना ना वजूद मेरा
मैं जो भी हूँ तेरी बदौलत तू मंज़िल मक़सूद मेरा
मेरी बन गए तुम बन गए ज़िन्दगी मेरी सांवरे
आशिक़ी दीवानगी बंदगी मेरी सांवरे

तेरा मेरा रिश्ता है ऐसा जैसे दिया मैं जले बाती
होंठों से मुस्कान सांवरिया तेरे ही दम से आती
बदली दुनिया बदली किस्मत मिला जबसे प्यार तेरा
मेरी बन गए तुम बन गए ज़िन्दगी मेरी सांवरे
आशिक़ी दीवानगी बंदगी मेरी सांवरे

मेरी ख़ुशी है जुडी तुमसे, जो तू नहीं कुछ भी नहीं हूँ मैं
तुम्ही मेरे भाग्य विधाता, मेरे मालिक मेरे दाता
मेरे पास है जो सब तेरा दिया, शुक्रिया है तेरा शुक्रिया
मेरी बन गए तुम बन गए ज़िन्दगी मेरी सांवरे
आशिक़ी दीवानगी बंदगी मेरी सांवरे

कोई कमी ना रही बाकी, जबसे मिली है शरण ये तेरी
मुझपे हुई तेरी महरबानी, खाटू वाले शीश के दानी
मुझे जबसे कुंदन श्याम मिला, नहीं राम को शिकवा गिला
मेरी बन गए तुम बन गए ज़िन्दगी मेरी सांवरे
आशिक़ी दीवानगी बंदगी मेरी सांवरे

अपना मुझे जो बनाया है, रिश्ता यूँ ही ये निभाना तू
तेरे करम की रिमझिम बारिश, पड़ती रहे मुझपे है ये ख्वाहिश
तेरे साथ है मेरा नसीब जुड़ा, खुशकिस्मत हूँ मैं बड़ा
मेरी बन गए तुम बन गए ज़िन्दगी मेरी सांवरे
आशिक़ी दीवानगी बंदगी मेरी सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-ram-kumar-lakkha/